Date:
P. No:

# Chapter - 1
## यूरोप में राष्ट्रवाद

2023
प्रश्न 1 उन्नीसवीं सदी की मशहूर लेखिकाओं के नाम लिखिए?

उत्तर मरियान [फ्रांस], जर्मेनिया [जर्मनी]

प्रश्न 2 फ्रेडरिक सॉरयू कौन था? 2022

उत्तर फ्रेडरिक सॉरयू एक फ्रांसीसी कलाकार था। सन [1848] में उसने चार चित्रों की एक श्रृंखला बनाई। जिसमें उसने सपनों का एक संसार रचा जो उसके शब्दों में जनतांत्रिक और सामाजिक गणतंत्रों से मिलकर बना था।

प्रश्न 3 आधुनिक राज्य तथा राष्ट्र-राज्य से आप क्या समझते हैं?

उत्तर (i) आधुनिक राज्य में स्पष्ट रूप से परिभाषित क्षेत्र पर प्रभुसत्ता एक केन्द्रीय शक्ति होती है।

(ii) राष्ट्र-राज्य एक आधुनिक राज्य था जिसमें न केवल उसके शासकों बल्कि उसके अधिकांश नागरिकों में एक साझा पहचान का भाव और साझा इतिहास या विरासत की भावना थी।

प्रश्न 4 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के पश्चात फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने क्या किया?

उत्तर (i) फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने ऐसे अनेक कदम उठाए जिसमें फ्रांसीसी लोगों में

Date:
P. No:

एक सामूहिक पच्य पहचान की भावना पैदा हो सकती है।

(ii) उन्होंने यह भी घोषणा की वह एक अभिमान और फ्रांस राष्ट्र का भाग्य था कि वह यूरोप के लोगों को निरंकुश शासकों से मुक्ति दिलवाए या राष्ट्र बनने में उनकी मदद करे।

प्रश्न-5 जेकोबिन क्लब की स्थापना कब और किसने की थी ?

उत्तर (i) जब फ्रांस की घटनाओं की खबर यूरोप के विभिन्न शहरों में पहुँची तो जेकोबिन क्लबों की स्थापना की गई।

(ii) छात्र और शिक्षित मध्य वर्गों के अन्य सदस्यों ने जेकोबिन क्लब की स्थापना की।

प्रश्न-6 निरंकुशवाद किसे कहते है?

उत्तर निरंकुशवाद :- ऐसी सरकार या शासन व्यवस्था जिसकी सत्ता पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं होता, को निरंकुश सरकार कहा जाता है।

प्रश्न-7 कल्पनादर्श (यूटोपिया) क्या है?

उत्तर कल्पनादर्श (यूटोपिया) :- एक ऐसा समाज की कल्पना जो इतना आदर्श है कि उसका साकार होना लगभग असंभव होता है।

Date:
P. No:

प्रश्न 8 जनमत - संग्रह किसे कहते है?

उत्तर जनमत - संग्रह :- एक प्रत्यक्ष मतदान जिसके जरिए एक क्षेत्र सभी लोगो से एक प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए पूछा जाता है।

प्रश्न 9 1815 के बाद बनी संवैधानिक राजतंत्र के अध्यक्ष कौन था?

उत्तर लुई फिलिप।

प्रश्न 10 राष्ट्रवाद किसे कहते है?

उत्तर 10 राष्ट्रवाद :- वह विचारधारा जो किसी भी राष्ट्र के सदस्यो मे एक सामा पहचान को बढ़ावा देती है। उसे राष्ट्रवाद कहते है।

प्रश्न 11 जॉलवेराइन क्या था? व किसी प्रकार वह जर्मनी के आर्थिक एकीकरण का प्रतीक था?

उत्तर जॉलवेराइन एक सीमा शुल्क संघ था जिसमे अधिकांश जर्मन राज्य शामिल थे। 1834 मे स्थापित इस संघ ने विभिन्न राज्यो के बीच शुल्क अवरोधो को समाप्त किया व मुद्राओ की संख्या तीस से घटाकर दो कर दी। इसप्रकार यह आर्थिक एकीकरण का प्रतीक था।

Date:
P. No:

प्रश्न 12 विएना संधि पर टिप्पणी कीजिए?

उत्तर विएना संधि 1815 में ऑस्ट्रिया के विएना में हुई इस सम्मेलन की मेजबानी ऑस्ट्रिया के चांसलर ड्यूक मेटरनिख ने की इस सम्मेलन में प्रशा, रूस, ऑस्ट्रिया तथा ब्रिटेन देशों ने हस्ताक्षर किए इसका उद्देश्य उन कई सारे बदलावों को खत्म करना था जो नेपोलियाई युद्धों के दौरान हुए थे।

प्रश्न 13 जुलाई क्रांति क्या है?

उत्तर फ्रांस में प्रथम विद्रोह जुलाई 1830 में हुआ जिसे जुलाई क्रांति कहा गया इसमें उदारवादी क्रांतिकारियों ने ~~बूर्बो~~ राजा को उखाड़ फेंका तथा संवैधानिक राजतंत्र की स्थापना की जिसके अध्यक्ष लुई फिलिप थे।

प्रश्न 14 निम्न पर टिप्पणी करें
(i) ज्युसेपे मेत्सिनी (ii) फ्रैंकफर्ट संसद?

उत्तर (i) ज्युसेपे मात्सिनी :- यह एक इटालियन क्रांतिकारी था इसका जन्म 1807 में जेनोआ में हुआ था इसने दो गुप्त सोसायटी की स्थापना की।
(i) मार्सेई में यंग इटली
(ii) बर्न में यंग इटली।

Date:
P. No:

(ii) फ्रैंकफर्ट संसद :- यह एक जर्मन नेशनल असेंबली थी जो विभिन्न जर्मन क्षेत्रों से आए हुए मध्यम वर्ग के पेशेवरों व्यापारियों और समृद्ध कारीगरों द्वारा बनाई गई थी।

प्रश्न 15 नेपोलियन कोड या सिविल कोड कौन-कौन से थे?

उत्तर (i) एकसमान कानून मानक माप और राष्ट्रीय मुद्रा का प्रावधान किया।

(ii) यातायात और संचार साधनों को मजबूत किया गया।

प्रश्न 16 1830 की जुलाई क्रांति का फ्रांस पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर 1830 की जुलाई क्रांति के परिणामस्वरूप फ्रांस में निरंकुश राजशाही का स्थान संवैधानिक गणतंत्र ने ले लिया। इस क्रांति ने फ्रांसीसी क्रांति के सिद्धांतों को पुनर्जीवित किया तथा फ्रांस में उदारवादी मध्यमवर्ग का राजनीतिक महत्व बढ़ गया।

प्रश्न 17 राष्ट्रवादी संघर्ष में महिलाओं की भूमिका लिखिए?

उत्तर (i) राष्ट्रवादी आंदोलनों में सभी यूरोपीय राज्यों जैसे फ्रांस इटली की महिलाओं ने सक्रिय भाग लिया।

Date:
P. No:

(iii) इन्होने खुद के समाचार पत्र शुरू किए।

प्रश्न 18 काउंट कैमिलो दे कावूर पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर काउंट कैमिलो दे कावूर :- इटली के एकीकरण में काउंट कैमिलो दे कावूर की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है, यह सार्डिनिया का प्रधानमंत्री था।

प्रश्न 19 यूरोप में राष्ट्रवाद की शुरुआत कब और कैसे हुई?

उत्तर यूरोप में नये राष्ट्रों के निर्माण की प्रक्रिया में शुरू होने वाली फ्रांस की क्रांति 1789 के साथ शुरू हो गई थी।